प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति–जनजातीय समूह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा सशक्तिकरण का एक शक्तिशालीसाधन है। यह लोगों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। आज नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सही विकास तभी संभव है जब समाज के सभी वर्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से प्रगति करें। उन्होंने कहा कि सरकारी छात्रवृत्ति योजनाओं ने जनजातीय समुदाय को उच्च शिक्षा और नए अवसर प्रदान करके उनके जीवन को बदल दिया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रतिभा को पहचानने, पोषित करने और उसके विकास के लिए सही मंच प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सुक्खू

प्रदेश पुलिस में कार्यरत पूर्व सैनिकों ने मानद नियुक्ति प्रदान करने के लिए आज शिमला स्थित ओक ओवर में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों के लिए पात्रता सेवा अवधि में आवश्यक छूट देने का निर्णय लिया ताकि उन्हें मानद हैड कांस्टेबल और मानद ए.एस.आई के रूप में नियुक्ति का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि ये निर्णय उनके योगदान व सेवाओं को उचित सम्मान प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हाल ही में 2 सौ 46 पूर्व सैनिकों को हैड कांस्टेबल और एक सौ 15 को ए.एस.आई के रूप में नियुक्ति प्रदान की है।

महिला सशक्तिकरण के 12 वर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सिद्धांत के तहत पिछले 12 वर्ष में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस दौरान मोदी सरकार ने निर्धनों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरणके लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की है। पेश है ये रिपोर्ट––

कांगड़ा–रेल आधुनिकीकरण

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में रेलवे परियोजनाओं के विस्तार, आधुनिकीकरण और विद्युतीकरण के लिए वर्ष 2026–27 में 2 हजार 9 सौ 11 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने आज कांगड़ा रेलवे स्टेशन पर रेल सेवा के नवीनीकरण की चर्चा करते हुए यह बात कही। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह आवंटन पिछली यूपीए सरकार के दौरान आवंटित एक सौ 4 करोड़ रुपये के अनुदान से लगभग 27 गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों में राज्य में अभूतपूर्व रेलवे विकास कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने बताया कि भानुपाली–बिलासपुर रेल लाइन का काम प्रगति पर है और इस पर पहले ही 6 हजार 7 सौ 98 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मॉनसून के दौरान क्षतिग्रस्त रेल पटरियों और ढह गए पुल की मरम्मत के बाद दो साल बाद पठानकोट–जोगिंदरनगर सेवा फिर से शुरू हो गई है।